








## एक नजर में

### कन्या महाविद्यालय में विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों का भ्रमण



**रतलाम।** उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन के अनुसार 'कॉलेज चलो अभियान' के अंतर्गत शा. कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रतलाम में विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को महाविद्यालय की शैक्षणिक, प्रयोगशाला, खेल एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं का अवलोकन कराने हेतु महाविद्यालय विजिट का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं, अभिभावकों एवं शिक्षकों सहित महाविद्यालय का भ्रमण करवाया गया। उक्त अवसर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रमुख प्रावधानों बहुविषयक शिक्षा, क्रेडिट बैंक, कौशल आधारित पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम चयन, विषय चयन, प्रवेश प्रक्रिया, आवश्यक डॉक्यूमेंट, शासन द्वारा संचालित विभिन्न छात्रवृत्तियों एवं योजनाओं, महाविद्यालय में उपलब्ध पाठ्यक्रम आदि की सरल एवं स्पष्ट जानकारी विद्यार्थियों को पीपीटी के माध्यम से अर्थशास्त्र विभाग की प्रो. दीक्षा गुप्ता ने छात्राओं के समक्ष प्रस्तुत की। आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. माणिक डांगे नेमहाविद्यालय की विशेषताओं, उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी छात्राओं को दी। कार्यक्रम अध्यक्ष एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. मंगलेश्वरी जोशी ने शहर के एकमात्र ';' ग्रेड प्राप्त महाविद्यालय में अधिक से अधिक प्रवेश हेतु छात्राओं को प्रोत्साहित किया। तत्पश्चात विद्यार्थियों को महाविद्यालय की विशिष्ट सुविधाओं प्रयोगशाला, पुस्तकालय, स्मार्ट कक्ष, खेल परिसर, विभिन्न विभागों आदि का विजिट करवाया गया। विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से कार्यक्रम के प्रभाव, उपयोगिता तथा सुधारात्मक सुझाव एकत्र किए गए। कार्यक्रम का संचालन समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. सौरभ गुर्जर ने किया। आभार हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीता श्रीमाल ने माना।

### खेल सप्ताह का समापन



**आलोट।** स्थानीय पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय आलोट जिला रतलाम 2 मध्य प्रदेश के प्राचार्य शांतिलाल तेली द्वारा बताया गया कि विद्यालय में खेल सप्ताह का समापन सांसद प्रतिनिधि नंदनराज जैन, वरिष्ठ पत्रकार दिनेश शुक्ला, लायंस क्लब अध्यक्ष तपन पगारिया, मंडल अध्यक्ष दिलीप डोडिया एवं पूर्व नगर पालिका अधिकारी अशोक शर्मा के आतिथ्य में तथा नववर्ष का आगमन विद्यालय परिवार द्वारा उल्लासमय वातावरण में संपन्न हुआ। खेल सप्ताह के समापन अवसर पर सर्वप्रथम अतिथियों का विद्यालय प्राचार्य शांतिलाल तेली एवं उप प्राचार्या सुचिता खुराना द्वारा पुष्प गुच्छ भेंटकर कर स्वागत अभिनंदन किया गया, विद्यालय की छात्राओं दुर्विका ग्रुप द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया जबकि कक्षा छठी की नन्हीं बालिकाओं द्वारा नृत्य प्रशिक्षिका नंदा रणदीवे के मार्गदर्शन में सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्राचार्य शांतिलाल तेली द्वारा अतिथियों का परिचय प्रदान कर स्वागत भाषण प्रस्तुत किया, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व नगर पालिका अधिकारी अशोक शर्मा द्वारा विद्यालय के विद्यार्थियों के अनुशासन की प्रशंसा करते हुए विद्यार्थियों को आशीर्वाद प्रदान किया जबकि मंडल अध्यक्ष दिलीप डोडिया द्वारा विद्यार्थियों के खेल एवं अन्य उपलब्धियों की सराहना करते हुए नवोदय विद्यालय को आलोट का गौरव बताया। कार्यक्रम में पधारे वरिष्ठ पत्रकार दिनेश शुक्ला द्वारा विद्यार्थी प्रद्युम्न शर्मा के राष्ट्रपति भवन में सम्मानित होने को नवोदय विद्यालय आलोट की ऐतिहासिक उपलब्धि बताया, जबकि लायंस क्लब अध्यक्ष तपन पगारिया द्वारा प्रेरक उद्बोधन के माध्यम से विद्यार्थियों को खेलों के साथ अध्ययन में आगे बढ़ने का मंत्र प्रदान किया एवं विद्यालय के शिक्षकों की तारीफ की। कार्यक्रम में कक्षा 9 की छात्राओं प्रियांशा ग्रुप द्वारा आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया साथ ही योग शिक्षक संतोष कुमार के नेतृत्व में विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा योगा नृत्य योग आसनों के माध्यम से विशिष्ट तरीके से प्रस्तुत किया गया जिसकी अतिथियों द्वारा सराहना की गयी। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि एवं वरिष्ठ समाजसेवी नन्दनराज जैन द्वारा संबोधित करते हुए विगत जून माह में संपन्न विद्यालय लोकार्पण कार्यक्रम को विद्यालय के लिए मिल का पत्थर साबित हुआ। अतिथियों द्वारा खेलो में प्राप्त प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफियों का वितरण किया गया एवं खेल समापन की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय ग्रंथपाल मनोज कुमार जोशी एवं खेल शिक्षिका प्रीति चौहान द्वारा किया गया जबकि आभार प्रदर्शन विद्यालय उपप्राचार्य सुचिता खुराना द्वारा किया गया। विद्यालय के कला शिक्षक मेघराज मीणा, परवेज खान, सोपान कुमार एवं गजानन रणदीवे का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ।

### सावित्री बाई फुले की जयंती मनाई



**रतलाम।** श्री रत्नपुरी फुलमाली समाज समित द्वारा शनिवार को माता सावित्री बाई फुले की 195 वीं जयंती धुमधाम से मनाई गई। अध्यक्ष सत्यनारायण माली ने बताया कि आज प्रातः त्रिवेणी धाम स्थित अन्न क्षेत्र पर निराश्रितों को भोजन करवाया गया। वहीं मां सावित्री बाई फुले की तस्वीर पर माल्यार्पण भी किया गया। इस दौरान समाजजन उपस्थित था।

### महावीर में आईसीएआई के साथ चार्टर्ड अकाउंटेंसी पर जागरूकता सेमिनार आयोजित

**जावरा।** महावीर जैन नेशनल स्कूल ने द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के सहयोग से एक करियर काउंसलिंग और जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया। इस सेमिनार का मुख्य उद्देश्य छात्रों को चार्टर्ड अकाउंटेंसी (सीए) पेशे के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करना, इसके अवसरों को उजागर करना तथा कोर्स से जुड़ी आम गलतफहमियों को दूर करना था। दआईसीएआई देश भर में सक्रिय रूप से स्कूलों और कॉलेजों में करियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित करता है, ताकि छात्रों को वाणिज्य शिक्षा और सीए जैसे प्रतिष्ठित पेशे की ओर आकर्षित किया जा सके। इस सेमिनार में विशेषज्ञों ने छात्रों को सीए कोर्स की संरचना, प्रवेश प्रक्रिया, परीक्षा पैटर्न और व्यावहारिक प्रशिक्षण के बारे मेंविस्तार से बताया। साथ ही, सीए बनने के बाद मिलने वाले करियर अवसरों जैसे ऑडिटिंग, टैक्सेशन, फाइनेंशियल कंसल्टेंसी और कॉर्पोरेट सेक्टर में उच्च पदों पर नियुक्ति की संभावनाओं पर प्रकाश डाला गया। सेमिनार में यह भी जोर दिया गया कि सीए कोर्स कठिन और अनुशासन मांगने वाला है, लेकिन सही मार्गदर्शन और लगन से इसे सफलतापूर्वक पूरा किया जा सकता है। कई छात्रों में सीए कोर्स को लेकर एक सामान्य डर या चिंता रहती है, जिसे दूर करने के लिए विशेषज्ञों ने सफल सीए प्रोफेशनल्स के उदाहरण दिए और मोटिवेशनल सेशन आयोजित किए। छात्रों ने इंटरैक्टिव सेशन में अपने सवाल पूछे और कोर्स से जुड़ी भ्रांतियों को स्पष्ट किया। छात्रों ने सीए को अपना करियर बनाने की इच्छा की व्यक्त-महावीर जैन नेशनल स्कूल के प्राचार्य ने कहा कि ऐसे कायक्रम छात्रों के भविष्य को निर्देशित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आईसीएआई की करियर काउंसलिंग कमिटी नियमित रूप से ऐसे आयोजन करती है, जिससे हजारों छात्र लाभांवित होते हैं। इस सेमिनार में स्कूल के कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों ने भाग लिया और कई ने सीए पेशे को अपना करियर विकल्प बनाने की इच्छा व्यक्त की। यह पहल न केवल छात्रों को स्पष्ट दृष्टिकोण प्रदान करती है, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास से आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देती है। ऐसे कार्यक्रमों से वाणिज्य क्षेत्र में कुशल प्रोफेशनल्स की संख्या बढ़ने की उम्मीद है।

# विश्व के प्रथम 'सुख शक्ति धाम' का आज होगा लोकार्पण

**पद्म विभूषण नारायण मूर्ति रहेंगे मुख्य अतिथि, फोर्स मोटर्स के चेयरमैन फिरोदिया, मंत्री काश्यप व टॉरेंट समूह चेयरमैन मेहता विशेष अतिथि**

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** आत्मनिरीक्षण, विवेक और संतुलित जीवन-दृष्टि को केंद्र में रखकर निर्मित विश्व के प्रथम सुख शक्ति धाम का भव्य उद्घाटन एवं लोकार्पण 4 जनवरी को रतलाम में होगा। यह धाम किसी धर्म, पंथ या संप्रदाय से बंधा हुआ नहीं है, बल्कि मनुष्य को स्वयं से प्रश्न करने, स्वयं को सुधारने और आंतरिक परिवर्तन के माध्यम से समाज में सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करने की प्रेरणा देता है।

इस ऐतिहासिक अवसर पर पद्म विभूषण इंफोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति मुख्य अतिथि रहेंगे। फोर्स मोटर्स के चेयरमेन अभय फिरोदिया, टॉरेंट समूह के मानद चेयरमैन सुधीर मेहता, कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप विशेष अतिथि रहेंगे। सुख शक्ति धाम व देश अपनाएं सहयोग फाउंडेशन के संस्थापक वल्लभ भंसाली अध्यक्षता करेंगे। सुख शक्ति धाम की मूल परिकल्पना इस विचार पर आधारित है कि समाज को बदलने से पहले स्वयं को बदलना आवश्यक है। यहाँ यह संदेश दिया जाता है कि 'हम सुधरेंगे, संसार अपने आप सुधरेगा।' शिकायत की संस्कृति के स्थान पर आत्म-जिम्मेदारी, विवेक और सजग नागरिकता को विकसित करना इस धाम का मूल उद्देश्य है। रतलाम के प्रबुद्ध वर्ग, शिक्षाविदों एवं अध्यात्म-प्रेमी नागरिकों को भी इस लोकार्पण समारोह में आमंत्रित किया गया है। उद्घाटन एवं लोकार्पण समारोह में आ रहे।


कार्यक्रम के संयोजक मंडल के मुकेश जैन, गुस्ताद अंकलेसरिया, मेघ कुमार लुनिया, जयंत जैन, संजय व्यास, गौरव त्रिपाठी, वैभव रांका, संजय चपरोट, अजीत छाबड़ा, डॉ. श्याम सुंदर पाटीदार, राजीव श्रीवास्तव, मोहित मूणत एवं विकास शैवाल की ओर से रतलाम के प्रबुद्ध वर्ग, युवाओं, शिक्षाविदों तथा उन सभी नागरिकों से, जिनके भीतर अध्यात्म, आत्मनिरीक्षण और जीवन को गहराई से समझने की जिज्ञासा है, इस ऐतिहासिक लोकार्पण समारोह में सहभागिता करने का आव्हान किया गया है। संयोजक मंडल का मानना है कि सुख शक्ति धाम केवल एक स्थल नहीं, बल्कि आत्म-जागरण और जिम्मेदार नागरिक चेतना की एक सतत प्रक्रिया है, जिससे जुड़कर व्यक्ति स्वयं से शुरुआत कर समाज में सकारात्मक परिवर्तन का माध्यम बन सकता है।



भारतीय आईटी उद्योग के वैश्विक पहचानकर्ता नारायण मूर्ति ने नैतिक कॉर्पोरेट संस्कृति, पारदर्शिता और मूल्य आधारित नेतृत्व को भारतीय उद्योग जगत में स्थापित किया। शिक्षा, शोध, सामाजिक उत्तरदायित्व और परोपकार के क्षेत्र में उनका योगदान व्यापक है। आत्म-अनुशासन, सादगी और विवेक आधारित जीवन-दृष्टि सुख शक्ति धाम के विचारों से स्वाभाविक रूप से जुड़ती है।



उद्योग, नवाचार और सामाजिक सरोकारों के बीच संतुलन बनाने वाले सुधीर मेहता ने स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उनका मानना है कि स्थायी प्रगति का आधार आंतरिक अनुशासन और जिम्मेदार सोच होती है, जो सुख शक्ति धाम की अवधारणा से मेल खाती है।



भारतीय उद्योग क्षेत्र में दीर्घकालिक दृष्टि और सामाजिक दायित्व के लिए पहचाने जाने वाले अभय फिरोदिया ने शिक्षा, स्वास्थ्य और समाजकल्याण से जुड़े अनेक समाज सेवा के प्रयासों को प्रोत्साहित किया है। उद्योग और मानवीय मूल्यों के संतुलन का उनका दृष्टिकोण सुख शक्ति धाम की आत्मा के अनुरूप है।



विचार, विवेक और आत्म-जागरूकता को जीवन का केंद्र मानने वाले वल्लभ भंसाली सुख शक्ति धाम की वैचारिक प्रेरणा के प्रमुख स्तंभ एवं इस परिकल्पना के दृष्ट एवं निर्माता हैं। भौतिक उपलब्धियों के साथ सामाजिक चेतना, ध्यान, आत्मनिरीक्षण, नागरिक उत्तरदायित्व को जीवन में उतारने का उनका सतत प्रयास रहा है। वे यह प्रेरणा देते हैं कि परिवर्तन की शुरुआत शिकायत से नहीं, स्वयं से होनी चाहिए।



'सामाजिक सहभागिता और जनसेवा से जुड़े चेतन्य कश्यप का योगदान स्थानीय समाज में सकारात्मक सोच और जागरूकता के निर्माण में महत्वपूर्ण रहा है। उनकी उपस्थिति इस आयोजन को जनसरोकारों से जोड़ती है और सुख शक्ति धाम के सामाजिक आयाम को सशक्त करती है। सुख शक्ति धाम भारत ही नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर अपनी तरह का पहला ऐसा केंद्र है जहाँ व्यक्ति को यह समझने की प्रेरणा दी जाती है कि सुख बाहर नहीं, भीतर की स्पष्टता से जन्म लेता है। यह धाम वर्तमान जनमानस को और आने वाली पीढ़ियों के लिए आत्म-जिम्मेदारी, विवेक और संतुलित जीवन का संदेश देता है।

-चेतन्य कश्यप, मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री



## चेतन्य काश्यप फाउंडेशन का प्रतिभा सम्मान समारोह 10 जनवरी को होगा

**रतलाम।** चेतन्य काश्यप फाउंडेशन द्वारा नगर की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शिक्षा सत्र 2024-25 का प्रतिभा सम्मान समारोह 10 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। इसमें 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत और उससे अधिक अंक लाने वाले मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा। यह निर्णय फाउंडेशन अध्यक्ष एवं विधायक चेतन्य काश्यप की उपस्थिति में हुई प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजन समिति की बैठक में लिया गया। बैठक में सभी मेधावी विद्यार्थियों को प्रतिवर्षानुसार रिस्ट वॉच एवं शील्ड अभिभावकों की उपस्थिति में सम्मान स्वरूप प्रदान करने का निर्णय भी लिया गया। फाउंडेशन अध्यक्ष एवं विधायक श्री काश्यप ने कहा कि चेतन्य काश्यप फाउंडेशन शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वर्ष 2014 से प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित कर रहा है। प्रतिवर्षानुसार कक्षा दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड की परीक्षाओं के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा। बैठक में आयोजन समिति के शैलेंद्र डागा (पूर्व महापौर), निर्मल लुनिया, महेंद्र नाहर, सोना शर्मा, मुकेश सोनी, मनोज शर्मा एवं आनंद जैन उपस्थित रहे।

## लूट की घटना का पुलिस ने 12 घंटे में किया खुलासा

**आरोपी गिरफ्तार, रूपए सहित आभूषण बरामद**

नवभारत न्यूज

**रतलाम/बाजना।** सरवन में सामान खरीदकर पैदल पैदल घर जाते समय हुई लूट की घटना का पुलिस ने 12 घंटे में ही खुलासा कर दिया हैं। मामले में 2 आरोपी को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस के अनुसार सरवन मे सामान खरीदने के लिये आयी थी, सरवन से सामान खरीदकर पैदल पैदल घर जा रहे थे कि करीबन 04.15 बजे सरवन मे सुभाष सोनी की दुकान के सामने रोड से निकल रहे थे, तभी दो अज्ञात व्यक्ति एक मोटर साईकिल लेकर आये और पीछे बैठे व्यक्ति ने फरियादी के पास आकर कमर मे पहना हुआ एक 250 से 300 ग्राम के बीच चांदी का कंदौरा खींचकर छिनकर लेकर भाग गया। घटना पर थाना सरवन में प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। घटना कि गंभीरता के दृष्टिगत एसपी अमित कुमार के निर्देशन तथा अति. पुलिस अधीक्षक रतलाम (शहर) राकेश खाखा के तथा अनु. अधिकारी पुलिस सैलाना नीलम बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सरवन अर्जुन सेमलिया के नेतृत्व में पृथक पृथक टीम दो टीम गठीत कि गई। पुलिस टीम द्वारा तकनिकी साक्ष्य एवं मुखबीर के सहयोग से घटना के बाद मात्र 12 घण्टे में आरोपी सुनिल पिता कालू खराडी ( 22) निवासी नेगडापाड व विधिविरूध्द बालक को हिरासत में लिया गया तथा घटना में प्रयुक्त होण्डा मो.सा. किमती 60,000 हजार रू. तथा चांदी का कंदौरा वजनी करीब 300 ग्राम किमती 20,000 रू. कुल मशरूका किमती 80,000 का मश्रुका जप्त किया गयाः।



**इन्हें किया गिरफ्तारः** सुनिल पिता कालू खराडी निवासी नेगडापाडा और विधिविरूध्द बालक ।

**सराहनीय भूमिका :** वारदात का खुलासा करने में थाना क्षेत्र के पुलिस अधिकारियों की सराहनीय भूमिका रही हैं। इनमें निरी. अर्जुन सेमलिया, उनि रजक, प्रआर.597 विजय शेखावत, आर. 324 हिम्मतसिह की सराहनीय भूमिका रही।

## मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं के लिए 1 करोड रुपए स्वीकृत

**रतलाम।** जिले स्वास्थ्य व महिलाओं को लेकर लगातार सुविधाएं का विस्तार किया जा रहा हैं। जिले के बाजना विकासखंड में एक करोड रुपए की राशि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की इकाई हेतु स्वीकृत की गई है। इस राशि से मेटरनिटी वार्ड, इमरजेंसी वार्ड, की सुविधा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाजना में प्राप्त हो सकेगी । कलेक्टर मिशा सिंह के प्रयासों से नीति आयोग भारत सरकार के माध्यम से अवर सचिव भारत सरकार आकांक्षी जिला एवं ब्लॉक संबंधी बैठक के कार्यवाही विवरण अनुसार रतलाम जिले के बाजना विकासखंड में एक करोड रुपए की राशि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की इकाई हेतु स्वीकृत की गई है। इस राशि से मेटरनिटी वार्ड, इमरजेंसी वार्ड, की सुविधा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाजना में प्राप्त हो सकेगी । उक्त कार्य पूर्ण करने के लिए 2 वर्ष की समय सीमा निर्धारित की गई है।

## डीआईजी ने किया वैश्य महासम्मेलन के कैलेंडर का विमोचन

**रतलाम।** मध्यप्रदेश के सबसे बड़े और प्रभावशाली सामाजिक संगठनों में शुमार 'वैश्य महासम्मेलन' द्वारा प्रकाशित वर्ष 2026 के कैलेंडर का विमोचन शुक्रवार, 2 जनवरी को गरिमामय समारोह में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रतलाम रेंज के डीआईजी निमिष अग्रवाल थे, जिन्होंने संगठन के इस अति उपयोगी कैलेंडर का विमोचन किया। विमोचन के अवसर पर उपस्थित समाजजनों को संबोधित करते हुए डीआईजी श्री अग्रवाल ने संगठन की गतिविधियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रकाशन न केवल सूचनात्मक होते हैं, बल्कि समाज की एकजुटता और संगठन की शक्ति को भी प्रदर्शित करते हैं। यह कैलेंडर समाज के परिवारों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। इस अवसर पर वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य झमक भरगट और रतलाम जिला प्रभारी संजय छाँजेड ने संगठन की आगामी योजनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में वरिष्ठ उपाध्यक्ष ललित चोरडिया, जिला प्रभारी युवा इकाई प्रितेश गादीया, जिला अध्यक्ष युवा इकाई राज लुनिया, शहर अध्यक्ष सुमित तलेरा सहित संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद थे। समारोह के दौरान उपाध्यक्ष युवा इकाई मयंक भटेवरा, संदीप छाँजेड, कमलेश बम, बल्लु बरमेचा सहित बड़ी संख्या में वैश्य बंधु उपस्थित रहे। सभी ने एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं और समाज हित में कार्य करने का संकल्प लिया।



## पुतले को लेकर पिपलोदा ब्लॉक अध्यक्ष ओर पुलिस के बीच हुई झड़प

**ढोढर।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा हंगामा चौक पर मध्य प्रदेश शासन के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दान किया गया। पुतला जलाते वक्त पुतले को लेकर पिपलोदा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्रसिंह चंद्रावत एवं पुलिस के बीच झड़प भी हुई। पुलिस ने पुतले के ऊपर पानी डालने का प्रयास किया। कांग्रेसी पुतला जलाने में हुए सफल हुए। जावरा ग्रामीण अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भेरुलाल परमार, पुखराज पारख हितेश जड़ोतिया, दिनेश कुमावत, हितेश माली, फकीरचंद मालवी, अजय सारस्वत, इकबाल मंसूरी आदि कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। अध्यक्ष चंद्रावत ने कहा कि इंदौर जिले के प्रभारी से मुख्यमंत्री हैं और वही के नगरी प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को मंत्री पद से बर्खास्त किया जाए।

## पुलिस-राजस्व टीम ने दी कंजर डेरों पर दबिश

**दो स्थाई वारंटी कंजरो को पकड़ने ने मिली सफलता**

**आलोट।** एसपी अमित कुमार द्वारा कंजरो द्वारा की जा रही वारदातों पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान चलाया जा रहा हैं। एसपी अमित कुमार के मार्गदर्शन एवं एएसपी विवेक कुमारलाल एवं एसडीओपी आलोट पल्लवी गौर, एसडीओपी जावरा संदीप मालवीय के निर्देशन में एसडीपीओ, थाना आलोट, ताल एवं जावरा के बल के हमराह कंजर डेरा लाखाखेड़ी, अरनिया, टोकडा जिला झालावाड राजस्थान में संयुक्त दबीश दी। जिसमे 2 स्थाई वारंटी मिट्ठु पिता दुला (33)निवासी अरनिया थाना उन्हेल जिला झालावाड़ राजस्थान व राधेश्याम पिता रामसिंह (45) निवासी लाखाखेडी थाना गंगधार जिला झालावाड राजस्थान को पकड़ा। भारी मात्रा मे मिले हाथ भट्टी शराब व लहान को नष्ट किया गया।

**प्रकरण जिनमे स्थाई वारंट न्यायालय से जारी :** - प्रक क्रमांक 971/2014 धारा 394 भादवि मे स्थाई वारंटी मिट्ठु पिता दुला कंजर निवासी अरनिया थाना उन्हेल जिला झालावाड राजस्थान। आरसीटी क्रमांक 403/2018 धारा 379 भादवि मे स्थाई वारंटी मिट्ठु पिता दुला कंजर निवासी अरनिया थाना उन्हेल जिला झालावाड राजस्थान। प्रक क्र 194/18 धारा 34(2) आबकारी एक्ट मे स्थाई वारंटी राधेश्याम पिता रामसिंह कंजर निवासी लाखाखेडी थाना गंगधार जिला झालावाड राजस्थान कंजर।



## जीर्णोद्धार एवं नवीनीकरण पर शिक्षकों ने विधायक का माना आभार

नवभारत न्यूज

**जावरा।** जावरा विधानसभा अंतर्गत समस्त विद्यालयों एवं महाविद्यालयों को आवश्यक भौतिक संसाधनों से सज्जित किया जाएगा, शिक्षा के क्षेत्र में प्राथमिक स्तर से उच्च शिक्षा तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध हूं, सांदीपनि विद्यालय की स्थापना इस दिशा में महत्वपूर्ण आयाम सिद्ध होगा। उक्त विचार क्षेत्रीय विधायक डॉ राजेंद्र पांडेय ने व्यक्त किए। विदित हो डॉ. राजेन्द्र पांडेय की अनुशंसा पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा सांदीपनि विद्यालय जावरा के प्राचीन भवन के जीर्णोद्धार एवं नवीनीकरण हेतु दो करोड़ की राशि स्वीकृत करने पर सांदीपनि विद्यालय द्वारा विधायक डॉ पांडे को धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर स्कूल प्रशासन ने मुख्य रोड से विद्यालय द्वार तक सीसी रोड की मांग की, जिस पर विधायक ने शीघ्र कार्रवाई करने हेतु आशवस्त किया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य राजेंद्र बोस, उप प्राचार्य संजय श्रीवास्तव, अपारसिंह गंभीर, वर्षा तिवारी, मुकेश गेहलोत, कामनी खान आदि उपस्थित थे।

**आयोजन** | अटल जन्म शताब्दी, सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने व मतदाता पुनरीक्षण के तहत हुआ विधानसभा

## जो भारत का नहीं, उसे मतदाता सूची से निष्कासित करना आवश्यक : संभाग प्रभारी

नवभारत न्यूज

**जावरा।** जिस प्रकार स्वस्थ रहने के लिए शुद्ध जल, अन्न और पर्यावरण की आवश्यकता होती है उसी प्रकार देश को सशक्त एवं निर्वाचन की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए शुद्ध मतदाता सूची की आवश्यकता है, जिसकी प्रक्रिया भारत निर्वाचन आयोग ने पिछले नवंबर माह में प्रारंभ कर दी है और उसी कड़ी के अंतर्गत सभी मतदान केंद्रों पर बूथ अधिकारी इस कार्य में लगे है। प्रत्येक भारतीय व्यक्ति को मतदान करने का अधिकार हो ऐसी निर्वाचन आयोग की मंशा है और जो व्यक्ति भारत का नहीं है उसे इस मतदाता सूची से निष्कासित करना आवश्यक है, इसी तारतम्य में भारतीय जनता पार्टी ने भी प्रत्येक बूथ पर बीएलए-टू बनाकर अनेक कार्यकर्ताओं को इस काम में लगाया है जो लगातार इस प्रक्रिया में लगे हुए है, अब हमारी प्राथमिकता है कि हम हमारे मतदान केंद्र में रहने वाले ऐसे मतदाताओ को जो 2003 या उससे पूर्व एवं वर्तमान में इसी देश के नागरिक है और वे मतदान से वंचित हैं, उनके जो प्रमाण निर्वाचन आयोग ने मांगे हो उन्हें उपलब्ध करवाकर उन लोगों को निर्वाचन की प्रक्रिया में जोड़े और जो अपात्र व्यक्ति है, घुसपैठ करके इस देश में रह रहे है एवं निर्वाचन की प्रक्रिया में जुड़े हुए है ऐसे लोगों की जानकारी देकर उन्हें निर्वाचन से बाहर करने का काम हम करे, ये एक देश को मजबूत बनाने वाला काम होगा । उक्त विचार भाजपा संभाग प्रभारी सुरेश आर्य ने भारतीय जनता पार्टी जावरा विधानसभा सम्मेलन (अटल जन्म शताब्दी, प्रदेश सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने व एसआईआर मतदाता पुनरीक्षण) में व्यक्त करें। इसी कड़ी में विधायक डॉ राजेंद्र पांडेय ने प्रदेश सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धि को कार्यकर्ताओं के बीच रखते हुए बताया कि भाजपा सरकार ने प्रदेश भर में विकास के अनेक कार्यों को करते हुए जावरा विधानसभा में भी दो वर्षों में 200 करोड़ से ज्यादा की सौगातें प्रदान की है, जिनके लोकार्पण मुख्यमंत्री ने अपने दौरे के दौरान किए है। स्वागत भाषण जिला महामंत्री महेश सोनी ने एवं संचालन मुकेश बग्गड ने किया। मंच पर जिला प्रभारी प्रदीप पांडेय, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य केके सिंह कालूखेड़ा, कान्हसिंह चौहान, कीर्तिशरण सिंह उपस्थित रहे।



### इन्होंने किया स्वागत

अतिथियों का स्वागत, मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा, महामंत्री अनिल धारीवाल, मनीष ऊंटवाल, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह देवड़ा, मांगीलाल पांचाल, घनश्याम बैरागी, कैलाश बारोड़, भवरगिरी गोस्वामी, विनोद शर्मा, विजय शर्मा ने किया। उक्त जानकारी पार्षद रजत सोनी ने देते हुए बताया कि सम्मेलन में भारतीय जनता पार्टी के सभी मंडल एवं मोर्चा के पदाधिकारी, बीएलए-टू, शक्ति केंद्र के संयोजक, सहसंयोजक सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में भाजपा जावरा नगर मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा ने आभार व्यक्त किया।